दिनांक 11.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम मुख्यालय सुपेला में लगेगा जनदर्शन शिविर

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में प्रात 10:30 से 1:30 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा जिसमें निगम क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याओं का आवेदन जमा कर उसका निराकरण कि कार्यवाही के बारे में जान सकते है।

आयुक्त के0एल0चौहान जिलाधीश के निर्देशानुसार जनदर्शन अब निगम के मुख्य कार्यालय में लगाये जाने का निर्णय लिया है जिसमें क्षेत्र के नागरिकबिजली,पानी,सफाई,अतिक्रमण,निगम द्वारा जारी होने वाले समस्त लायसेंस, भवन अनुज्ञा,मकान दुकान गुमटी,समस्त प्रमाण–पत्र, सम्पत्तिकर,सडक संधारण,सभी तरह के पेंशन सहित निगम से सम्बंधित समस्त तरह के कार्यो का आवेदन प्रस्तुत कर उसके निराकरण की जानकारी प्राप्त कर सकते है । आयुक्त श्री चौहान ने जोन आयुक्तो को जनदर्शन काउन्टर में उपस्थित रहने के साथ ही सभी विभाग प्रमुखो को निर्धारित समय पर अपने स्थान पर उपस्थित करने के निर्देश दिये है ।

जनसम्पर्क अधिकारी